# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक- 02.08.2025**

**विषय:- थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा गैस सिलेण्डर चोरी करने के मामले में वांछित अभियुक्तगण मोनू खान व ओमप्रकाश यादव को गिरफ्तार किया, कब्जे से 04 अदद चोरी के सिलेण्डर, घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल व 12000/- रुपये नगद बरामद।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 434/25 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी का सफल अनावरण करते हुए वांछित अभियुक्तगण 1. मोनू खान पुत्र भोलई खान निवासी गहनी पो0 पुआरी खुर्द थाना बडागांव कमिश्नरेट वाराणसी 2. ओमप्रकाश यादव पुत्र स्व0 फूलचन्द्र यादव निवासी मुर्दहा बाजार थाना चोलापुर कमिश्रनेट वाराणसी को दिनांक- 01.08.2025 को समय करीब 23.40 बजे मानसिक चिकित्सालय के पीछे धोबी घाट रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 04 अदद चोरी के सिलेण्डर, घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल व 12000/- रुपये नगद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना कैण्ट पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 01.08.2025 को वादी मुकदमा ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के गैस गोदाम से गैस सिलेण्डर चोरी करने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना कैण्ट पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 मो0 सुहेल द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. मोनू खान पुत्र भोलई खान निवासी गहनी पो0 पुआरी खुर्द थाना बडागांव कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 19 वर्ष।
2. ओमप्रकाश यादव पुत्र स्व0 फूलचन्द्र यादव निवासी मुर्दहा बाजार थाना चोलापुर कमिश्रनेट वाराणसी उम्र लगभग 28 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

मानसिक चिकित्सालय के पीछे धोबी घाट रास्ते से, दिनांक 01.08.2025 को समय करीब 23.40 बजे।

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>**

कब्जे से 04 अदद चोरी के सिलेण्डर, घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल व 12000/- रुपये नगद बरामद।

**<u>पूछताछ का विवरण –</u>**

अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर बताये कि हम लोग गैस गोदाम के आस पास खड़े वाहनों पर रखे गैस सिलेण्डरों को चुराते हैं तथा राह चलते लोंगो को बेच देते हैं। हम लोग चोरी के सिलेण्डरो को बेचने के लिये खड़े थे कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया।

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

1- मु0अ0सं0 434 25/ धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1.प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 मो0 सुहेल थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 जितेन्द्र कुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 राजन राव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 आशीष मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 सचिन मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**


LG